Chapter - 10

पेजमेकर में कलर्स तथा स्टाइल्स पैलेट्स

कलर तथा स्टाइल पेलेट क्या है

(What is Color and Styles Palettes)

कलर्स तथा स्टाइल्स पैलेट्स टूलबॉक्स की तरह एक फ्लोटिंग बॉक्स में होते हैं। इनका प्रयोग पेजमेकर डॉक्यूमेंट में उपयोग किये जाने वाले कलर्स तथा स्टाइल्स को जोड़ने, मिटाने या समायोजित करने के लिये किया जाता हैं। कलर तथा स्टाइल स्वत: प्रदर्शित हाती हैं जब एक नया पेजमेकर डॉक्यूमेंट आरंभ किया जाता हैं, लेकिन स्क्रीन पर अतिरिक्त पैलेट्स विन्डो मेन्यू से इसका चयन करके जोड़े जा सकते हैं।

कलर तथा स्टाइल पेलेट को कैसे प्रदर्शित करे

(How to display color and style pallet)

स्टाइल पेलेट (Style pallet)

इस पैलेट का उपयोग टैक्स्ट टूल के साथ किसी पैराग्राफ के ऊपर कोई स्टाइल लागू करने अथवा लागू स्टाइल का नाम देखने के लिए किया जाता है । आप Window Menu मे Show Styles आदेश देकर अथवा कंट्रोल के साथ B (Ctrl + B) Button दबाकर उसे देख सकते है।

स्टाइलो से संबंधित विशेष कार्य इसके पैलेट मेन्यू मे उपलब्ध है जिसे आप इसके दाएं कोने के निकट बने तीर के बटन को क्लिक करके खोल सकते है। इसमे किसी स्टाइल को डुप्लीकेट करने, सुधारने आदि की क्रियाए उपलब्ध है आप अपनी नई स्टाइल भी बना सकते है। और उन्हे किसी भी पैराग्राफ पर लागू कर सकते है।

कलर पेलेट (Color pallet)

फॉण्ट ग्राफ़िक्स आदि को अलग-अलग कलर देने के लिए कलर पेलेट का प्रयोग किया जाता है कलर पेलेट में डिफ़ॉल्ट के तौर पर Cyan,Magenta,Yellow, Black, Red, Green,Blue,None,Paper,Registration आदि कलर प्रदर्शित होते है |अगर आप चाहे तो इसके अलावा भी कलर प्रदर्शित कर सकते है |

कलर पैलेट को प्रदर्शित करने के लिये Window मेन्यू से Show Colors का चयन कीजिये, तथा इसका प्रयोग सिलेक्टेड टैक्स्ट या ऑब्जेक्ट पर कलर को अप्लाई करने या अप्लाई कलर के नाम या प्रकार को देखने के लिये कीजिये।